

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 27 मार्च, 2026

# शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी भीषण आग

**खास बातें**
- 12 बीघा फसल जलकर राख
- दमकल और ग्रामीणों की मदद से पाया गया काबू
- किसान को लाखों का नुकसान



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 26 मार्च, गोकुलधाम जतरापुरा क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के चलते खेत में खड़ी फसल में अचानक आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते खेत का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया.**

जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब पास के खेत में किसान फसल कटाई कर रहे थे.अचानक उठती आग की लपटों को देखकर किसानों और खेत मालिक ने बिना देर किए ट्रैक्टरों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया.वहीं, तत्काल दमकल विभाग को भी सूचना दी गई.

कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप ले लिया और तेज हवा के कारण आसपास के खेतों तक फैलने लगी. ग्रामीणों की तत्परता और दमकल विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने के बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक करीब 12 बीघा में खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी.पीड़ित किसान के अनुसार इस आगजनी की घटना में उसे लगभग ढाई से तीन लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है.फसल पूरी तरह तैयार थी और कटाई के पहले ही इस तरह की घटना से किसान को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है.घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार प्रीति पंथी मौके पर पहुंचीं. उन्होंने पटवारी के साथ मिलकर मौके का निरीक्षण किया और नुकसान का आंकलन किया. साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.प्रशासन द्वारा किसान को उचित राहत दिलाने का आश्वासन दिया गया है.

## किसान कांग्रेस का प्रदर्शन, समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ऋण तिथि बढ़ाने, मुआवजा दिलाने और गेहूं का समर्थन मूल्य 4000 करने की मांग**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 26 मार्च किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने आवाज बुलंद की है.जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया. इस दौरान किसानों की आर्थिक स्थिति, बढ़ती लागत और हाल ही में हुई प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई.**

जिला किसान कांग्रेस कमेटी विदिशा के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा गया, जिसमें सबसे अहम मांग सहकारी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की रही, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर किसान राहत पा सकें.इसके साथ ही डीजल और कृषि में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री को टैक्स फ्री करने की मांग भी उठाई गई, जिससे खेती की लागत कम हो सके.किसानों ने हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग की.किसान कांग्रेस ने यह भी कहा कि फसल बीमा योजना के तहत किसानों को उनकी बीमा राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए.

ज्ञापन में गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर भी बड़ा मुद्दा उठाया गया.किसानों ने मांग की कि गेहूं का समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए, ताकि उन्हें उनकी उपज का सही दाम मिल सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें.किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा.

## ट्रैक्टर के टूल बॉक्स से 4 लाख रुपए चोरी, बदमाश सीसीटीवी में कैद

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.**किसान के ट्रैक्टर ट्रॉली के टूल बॉक्स से 4 लाख रुपए चोरी होने का मामला सामने आया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है.प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान पप्पू राठौर कृषि उपज मंडी में मसूर बेचकर अपने गांव लौट रहा था. ग्राम अमर नगर के पास वह रुका और 4 लाख रुपए एक थैले में रखकर ट्रैक्टर ट्रॉली के टूल बॉक्स में रख दिए. बताया गया कि उसके पास 18 हजार रुपए जेब में थे, जबकि बाकी राशि टूल बॉक्स में रखी गई थी.पुलिस मामले की जांच कर रही है कि किसान वहां क्यों रुका, टूल बॉक्स में रखे पैसों पर निगरानी क्यों नहीं रखी गई और ताला क्यों नहीं लगाया गया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है.

## गंजबासौदा में पेट्रोल-डीजल संकट, दो पेट्रोल पंप बंद

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** शहर में पेट्रोल-डीजल का संकट गहराता जा रहा है. जानकारी के अनुसार दो पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म होने के कारण उन्हें बंद करना पड़ा है, वहीं अन्य पेट्रोल पंपों पर भी सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है. कई स्थानों पर 500 से अधिक का पेट्रोल देने पर रोक लगा दी गई है.

बताया जा रहा है कि हालात और बिगड़ सकते हैं और इसी सप्ताह कुछ अन्य पेट्रोल पंप भी बंद होने की आशंका जताई जा रही है. स्थिति को देखते हुए लोग पहले से अधिक मात्रा में पेट्रोल भरवा रहे हैं. कुछ लोग वाहनों में पेट्रोल भरवाकर घर ले जाकर केन और बोतलों में स्टॉक कर रहे हैं.इसी कारण कई पेट्रोल पंप संचालकों ने वाहनों के नंबर नोट करना शुरू कर दिया है, ताकि बार-बार पेट्रोल भरवाकर भंडारण करने वालों पर नजर रखी जा सके. वहीं कुछ लोगों द्वारा कालाबाजारी किए जाने की भी चर्चाएं सामने आ रही हैं.ईंधन संकट



का असर शहर की सड़कों पर भी साफ दिखाई दे रहा है. जहां पहले दिनभर वाहन चलते नजर आते थे, अब सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो गई है. आमजन को दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को जल्द ही इस समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और स्थिति सामान्य हो सके.

## पुलिस की मौजूदगी में दिया जा रहा डीजल पेट्रोल

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** क्षेत्र में डीजल पेट्रोल की शॉर्टेज की अफवाह फैलने से किसानों एवं वाहन चालकों में डीजल पैट्रोल लेने की होड लग गई लेकिन जिला आपूर्ति विभाग और स्थानीय पेट्रोल पंपों की स्थिति के बीच का यह अंतर प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच कुछ समझ नहीं आ रहा है. जहाँ एक ओर प्रशासन जिले में पर्याप्त भंडार होने का आश्वासन दे रहा है.

## घेराबंदी में पकड़ी गई 7 पेटी अवैध शराब, एक आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** देहात पुलिस ने घेराबंदी कर एक टाटा कार से सात पेटी अवैध शराब बरामद की है. थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि जब्त शराब की कीमत लगभग 6 लाख 38 हजार रुपए आंकी गई है. पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी फरार होने में सफल हो गए.पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि टाटा कार किसकी है और यह शराब कहां से कहां ले जाई जा रही थी. फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

## दिव्यांग बिटिया लक्ष्मी शाक्य को उच्च शिक्षा हेतु मिला लैपटॉप

**विधायक मुकेश टंडन ने किया सम्मानित**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** रायपुरा में दिव्यांग बिटिया लक्ष्मी शाक्य को उनकी उच्च शिक्षा के लिए लैपटॉप प्रदान किया गया. इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि बेटियों की शिक्षा को सशक्त बनाना ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला है और इसी भावना के साथ यह सहयोग प्रदान किया गया है.

लैपटॉप प्राप्त करते हुए लक्ष्मी शाक्य ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए बताया कि जब मुकेश टंडन जी नगर पालिका अध्यक्ष थे, तब उन्होंने उनके लिए हारमोनियम की व्यवस्था कराई थी, जिससे उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिला. आज पुन: शिक्षा के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराकर उन्होंने उनके भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है.लक्ष्मी शाक्य ने मुकेश टंडन के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपके सहयोग ने हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है. हारमोनियम हो या लैपटॉप, यह सिर्फ वस्तुएँ नहीं बल्कि मेरे सपनों को पंख देने वाले संबल हैं. मैं आपके प्रति कृतज्ञ हूँ.इस अवसर पर दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह एवं पार्षद प्रतिनिधि गोलू चौधरी उपस्थित रहे.विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही सशक्त समाज का आधार है और हर प्रतिभावान बच्चे को आगे बढ़ने के अवसर मिलना चाहिए.

## कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बने जितेंद्र

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज**, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार तथा संगठन मंत्री संजय कामले की सहमति एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नेहा पालीवाल ने युवा नेता जितेंद्र सिंह बघेल को कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है. इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री बघेल ने कहा कि वह युवाओं और बेरोजगारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे तथा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे. उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

## कुरवाई में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई. जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रशासन ने अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुरवाई क्षेत्र की चार प्रमुख अवैध कॉलोनियों में निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया. एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है.**



प्रशासन की टीम ने बीना रोड और कैथौरा रोड पर स्थित उन प्रोजेक्ट्स को निशाना बनाया, जो बिना किसी वैध अनुमति के विकसित किए जा रहे थे. कार्रवाई के दौरान एकता सिटी फेस-1, एकता सिटी फेस-2, रसधाम कॉलोनी और किंग सिटी कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया.कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजरों द्वारा बिछाई गई अवैध सड़कों को उखाड़ दिया गया और बनाई गई नालियों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया. एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध उपनिवेशन को रोकने के उद्देश्य से की गई है. उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा की अनुमति के कॉलोनी काटना गैर-कानूनी है.

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे लुभावने विज्ञापनों के झांसे में न आएं. किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले उसके डायवर्जन और अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच जिला कार्यालय या तहसील से अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में उनकी गाढ़ी कमाई सुरक्षित रह सके.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**The Court Of III Additional Judge To I Civil Judge Class-I, District Court, Vidisha**

Presiding Officer:-
**श्रीमती संचिता भदकारिया**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000117/2025)
**सवित्री बाई ...........वादी**
Vs
**विशाल कर्ण......प्रतिवादी**
PM 1103 25-3-26 10 773/26
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 06/05/2026
प्रेषिती-विशाल कर्ण पिता प्रकाश कर्ण
पता- वीर हकीकत राय मार्ग किरी मोहल्ला विदिशा म प्र

यह कि प्रार्थी सवित्री बाई ने आपके विरूद्ध आरसीएसए का वाद वास्ते निषेधाज्ञा का वादीगण के स्वत्व व आधिपत्य के वार्ड नं 18 वर्तमान वार्ड नं 02 रानी दुर्गावती बाई मोहल्ला नगतला नौलखी मार्ग अंदर नगर पालिका सीमा विदिशा स्थित सर्वे क्रमांक 1758, 1760/1, 1763, 1764, 1765, 1766, 1767, 1768, 1769 रकबा 0.105 हे0 में से 15 फिट वाय 40 फिट कुल 600 वर्गफिट स्थित प्लाट पूर्व में मकान दौलत सिंह कुशवाह, पश्चिम में रोड, उत्तर दिशा में मकान राकेश सेन, दक्षिण दिशा में मकान भैरोसिंह पर स्वत्व व आधिपत्यधारी घोषित किये जाने, नामांतरण कराने का अधिकारी होने, किसी प्रकार का हस्तक्षेप न तो स्वयं करने ना किसी अन्य से कराये जाने बावत यह वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 24 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायाधीश**

## दिन में कई बार जा रही बिजली, उपभोक्ता परेशान

**बार-बार कटौती और तकनीकी खराबियों से बढ़ी समस्या, स्थायी समाधान की मांग तेज**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, गर्मियां अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई हैं, लेकिन शहर में बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है.दिन में दो से चार बार बिजली जाने की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे आमजन खासे परेशान हैं.**

शहर का मुख्य बाल विहार फीडर पिछले करीब दो महीनों से बार-बार बिजली गुल होने की समस्या झेल रहा है.इस फीडर से शहर का बड़ा हिस्सा जुड़ा होने के कारण इसका असर व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है.अचानक बिजली कटने से घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका असर पड़ रहा है.बिजली कटौती के दौरान कभी मेंटेनेंस का संदेश दिया जाता है तो कभी तकनीकी खराबी बताई जाती है. इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है. लोगों का कहना है कि रोज-रोज फॉल्ट आना बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है.स्थानीय नागरिकों के अनुसार, गर्मियों में लोड बढ़ने के कारण समस्या और गंभीर हो सकती है.अभी से इस तरह की स्थिति होने पर आने वाले दिनों में हालात और खराब होने की आशंका जताई जा रही है.उपभोक्ताओं का कहना है कि जिस तरह बिजली कंपनी वसूली के लक्ष्य पूरे करती है, उसी तरह निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना भी उसकी जिम्मेदारी है.लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए. बार-बार हो रही कटौती से न केवल आमजन परेशान हैं, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की दिनचर्या और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं.

## राष्ट्र सर्वोपरि की संगीतमयी प्रस्तुति से गूंजा महामाई परिसर

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, महामाई मंदिर परिसर में बुधवार की देर शाम राष्ट्र सर्वोपरि, संघ और सनातन संस्कृति पर आधारित एक भव्य संगीतमयी प्रस्तुति दी गई, जिसने संपूर्ण परिसर को देशभक्ति से सराबोर कर दिया. कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार मोहित शेवानी एवं उनकी टीम ने संघ के उदय से लेकर उसके 100 वर्ष पूर्ण होने तक के गौरवशाली इतिहास को गीतों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया.**



कार्यक्रम में श्री महामाई सेवा समिति द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में वर्ष 1925 में डॉ. हेडगेवार जी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर आज तक के संघर्ष, विस्तार और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को दर्शाया गया. कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि संघ एक वटवृक्ष की भाँति कई चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर सनातन संस्कृति और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को समाज में सुदृढ़ कर रहा है, और स्वयंसेवक समर्पित भाव से देश एवं समाज की सेवा का कार्य कर रहे हैं. कार्यक्रम की शुरुआत चरैवेति-चरैवेति यही तो मंत्र है अपना जैसे प्रेरणादायक गीत से हुई. जिसने श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया. इसके बाद चंदन है इस देश की माटी, जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया, मेरा रंग दे बसंती चोला, यह देश है वीर जवानों का, उठो जवानों, देश की वसुंधरा पुकारती एवं वंदेमातरम, जैसे देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई. देशभक्ति से ओतप्रोत गीत पर जनसमुदाय मंत्रमुग्ध होकर झूमता नजर आया. कार्यक्रम का समापन मेरे राम आएंगे जैसे भावपूर्ण गीत के साथ हुआ. देर रात तक चले इस आयोजन ने उपस्थित सभी लोगों के मन में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक भावनाओं को ओर अधिक प्रगाढ़ कर दिया. इस अवसर पर महामाई सेवा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे.

## मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत सिंगल क्लिक से राशि जारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, 26 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से सहायता राशि जारी की.**श्रम पदाधिकारी राजेन्द्र गौड़ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विदिशा जिले में प्राकृतिक आपदा राहत अंतर्गत 99 परिवारों को 2 करोड़ 21 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत कर जारी की गई है.जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में यह राशि वितरित की गई.जनपद पंचायत बासौदा में 16 हितग्राहियों को 36 लाख रुपये, कुरवाई में 8 हितग्राहियों को 17 लाख रुपये, ग्यारसपुर में 8 हितग्राहियों को 20 लाख रुपये, लटेरी में 13 हितग्राहियों को 28 लाख रुपये, नटेरन में 11 हितग्राहियों को 26 लाख रुपये, सिरोंज में 8 हितग्राहियों को 18 लाख रुपये तथा जनपद पंचायत विदिशा में 15 हितग्राहियों को 34 लाख रुपये की सहायता दी गई.इसके अलावा नगर पालिका विदिशा के 5 हितग्राहियों को 12 लाख रुपये, नगर पालिका बासौदा के 7 हितग्राहियों को 16 लाख रुपये, नगर परिषद कुरवाई के 1 हितग्राही को 2 लाख रुपये, नगर परिषद सिरोंज के 5 हितग्राहियों को 10 लाख रुपये तथा नगर परिषद शमशाबाद के 1 हितग्राही को 2 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई.प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राहत राशि का वितरण राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत किया गया है। इसमें सामान्य मृत्यु, दुर्घटना जनित मृत्यु एवं दिव्यांगता से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। आंकड़ों के अनुसार 86 सामान्य मृत्यु मामलों में 1 करोड़ 72 लाख रुपये, 12 दुर्घटना जनित मृत्यु मामलों में 48 लाख रुपये तथा 1 दिव्यांगता प्रकरण में 1 लाख रुपये की सहायता दी गई है.



## जिला स्तरीय कृषक मेले का आयोजन हजारों किसानों की भागीदारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** नई गल्ला मंडी प्रांगण में आज जिला स्तरीय कृषक मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से आए हजारों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. यह आयोजन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर कृषि कल्याण वर्ष थीम के तहत आयोजित किया गया.
आकाश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित यह मेला किसानों के लिए बेहद उपयोगी है, जहां उन्हें नई योजनाओं और तकनीकों की जानकारी मिल रही है. वहीं किसान अर्जुन गुर्जर ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां सम्मान, जानकारी और सुविधाएं एक साथ मिलीं, जिससे वे काफी संतुष्ट हैं.मेले में जिले के सैकड़ों गांवों से किसान परिवार पहुंचे.

**कार्रवाई**
**फसल कटाई के बाद बढ़ते खतरे को देखते हुए सख्ती, जलस्तर गिरने से पहले उठाये ऐहतियाती कदम**

## नरवाई जलाने व नलकूप खनन पर प्रशासन सख्त, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**सांची. क्षेत्र में इन दिनों गेहूं और चने की फसलों की कटाई जोरों पर चल रही है. कटाई के बाद बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है. साथ ही गिरते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन पर भी रोक लगा दी गई है.**जानकारी के अनुसार फसल कटाई के बाद किसान खेतों की सफाई के लिए नरवाई में आग लगा देते हैं. इससे न केवल भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है, बल्कि पशुओं के लिए चारे की समस्या भी



उत्पन्न हो जाती है. इसके अलावा नरवाई में लगी आग कई बार आसपास के खेतों तक फैलकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाती है, जिससे अग्निकांड की घटनाएं बढ़ने की आशंका बनी रहती है. गांवों के समीप आग पहुंचने पर रिहायशी क्षेत्रों में भी खतरा बढ़ जाता है.
इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन ने नरवाई जलाने पर रोक लगाते हुए स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक तरीकों से खेतों की सफाई करें.

### जल संकट को लेकर भी सतर्क प्रशासन

गर्मी के बढ़ते प्रभाव के साथ ही क्षेत्र में जलस्तर तेजी से गिरने लगा है, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल संकट गहराने की आशंका है. इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने नलकूप खनन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, वहीं कुछ मामलों में कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है.प्रशासन की यह सख्ती जहां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, वहीं किसानों के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी की भी परीक्षा है.